भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3886
सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**महामारी के बाद पर्यटकों के आगमन में रिकवरी**

**†3886. डॉ. डी. रवि कुमार:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वर्ष 2023 में घरेलू पर्यटक आगमन (डीटीवी) 1.65 बिलियन से अधिक हो गए हैं जो महामारी के बाद की मजबूत रिकवरी को दर्शाता है जबकि वर्ष 2024 में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) की संख्या 9.5 मिलियन को पार कर गई है और वर्ष 2025 में इसमें और वृद्धि दर्ज की गई है;

(ख) वर्ष 2023-25 के दौरान स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और वित्तपोषित पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं का परिव्यय और पूरा होने की स्थिति सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पर्यटन में रोजगार सृजन के संबंध में कोई प्रभाव का आकलन किया गया है जो 8 करोड़ से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार को बढ़ावा देता है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7.5 प्रतिशत का योगदान देता है; और

(घ) सरकार द्वारा पर्यटक सुरक्षा को बढ़ाने, डिजिटल टिकटिंग और एकीकृत पोर्टलों, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और प्रमुख गंतव्यों पर सतत और जिम्मेदार पर्यटन पद्धतियों को अपनाने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): वर्ष 2023 में घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) 2.51 बिलियन तक पहुंच गईं, जो महामारी के बाद एक मजबूत रिकवरी को दर्शाती है। 2024 में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) 9.95 मिलियन तक पहुंच गया।

(ख): ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2023-24 के दौरान पर्यटन से रोजगार (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) की कुल संख्या 84.63 मिलियन (8.46 करोड़) थी। वर्ष

2023-24 (अनंतिम) हेतु देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन की कुल हिस्सेदारी 5.22% अनुमानित है।

(घ): पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत अनिवार्य रूप से राज्य का विषय है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय पर्यटकों के लिए जमीनी स्तर पर सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित पर्यटन पुलिस की स्थापना के लिए सभी राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ इस मामले को लगातार उठाता रहा है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से, राज्य सरकारों/ संघ राज्यक्षेत्रों अर्थात तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश ने पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर सभी राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों से निर्भया कोष के तहत 'महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल' का लाभ उठाने का अनुरोध करता रहा है, जिसका उपयोग विशेष रूप से महिला पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत में सुधार के लिए डिज़ाइन की गई परियोजनाओं के लिए किया जा सकता है।

पर्यटन मंत्रालय ने सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के पर्यटन विभागों सहित सभी हितधारकों के साथ 'सुरक्षित और सम्मानजनक पर्यटन के लिए आचार संहिता' को अपनाया है, जो पर्यटकों और स्थानीय निवासियों, विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे दोनों की गरिमा, सुरक्षा और शोषण से मुक्ति जैसे बुनियादी अधिकारों के संबंध में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिशानिर्देशों का एक संग्रह है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सहयोग से पूरे भारत में साहसिक पर्यटन क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक और मानकीकृत ढांचा स्थापित करने के उद्देश्य से मॉडल एडवेंचर सेफ्टी गाइडलाइंस तैयार की हैं। इन दिशा-निर्देशों के सुरक्षा प्रोटोकॉल को अपनाने और तैयार करने/अद्यतन करने के लिए सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को परिचालित किया गया है।

पर्यटन स्थल का विकास करने के लिए प्रभावी और पर्याप्त कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। पर्यटन मंत्रालय महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों और अधिक संभावना वाले अल्पज्ञात/नए गंतव्यों के लिए हवाई संपर्क में सुधार के लिए नागर विमानन मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसने नागर विमानन मंत्रालय के साथ उनकी क्षेत्रीय संपर्कता योजना- उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत समन्वय किया है और इस उद्देश्य के लिए चिह्नित किए गए 53 पर्यटन मार्गों के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण (वीजीएफ) की राशि साझा कर रहा है।

पर्यटन मंत्रालय ने अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और बेहतर सेवा प्रदायगी को ध्यान में रखते हुए, आवास इकाइयों के वर्गीकरण और पर्यटन सेवा प्रदाताओं को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रस्तावों की प्राप्ति, प्रसंस्करण और अनुमोदन प्रदान करने संबंधी एक ऑनलाइन प्रणाली शुरू की है।

आतिथ्य उद्योग के राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निधि+) पोर्टल अर्थात nidhi.tourism.gov.in पर आवेदन किए जा सकते हैं। इस ऑनलाइन प्रक्रिया को पेमेंट गेटवे के साथ भी जोड़ा गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन उद्योग के तीन प्रमुख खंडों, अर्थात् टूर ऑपरेटर, आवास और तटीय, बैकवाटर, झीलों और नदी वाले क्षेत्रों हेतु भारत के लिए एक व्यापक सतत पर्यटन मानदंड (एसटीसीआई) शुरू किया है। इस मानदंड को हितधारकों द्वारा अपनाया गया है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. डी. रवि कुमार द्वारा महामारी के बाद पर्यटकों के आगमन में रिकवरी के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3886 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**दिनांक 15.01.2026 तक स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | बापतला | सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस का विकास | 2024-25 | 97.52 | 9.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 2023-24 | 29.88 | 2.99 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 2023-24 | 18.48 | 1.85 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 2023-24 | 12.75 | 1.28 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 2023-24 | 14.02 | 1.40 |
| 6. | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 26.68 | 2.67 |
| 7. | असम | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 2023- 24 (संशोधित मार्च 2025) | 23.88 | 2.39 |
| 8. | बिहार | बोधगया | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | 2024-25 | 165.44 | 16.54 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | कवर्धा | भोरमदेव कॉरिडोर विकास, कवर्धा | 2024-25 | 145.99 | 14.60 |
| 10. | दादरा नगर एवं हवेली तथा दमन एवं दीव | दमन | दमन कन्वेंशन सेंटर | 2024-25 | 147.13 | --- |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | गोवा | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 2024-25 | 24.07 | 2.41 |
| 12. | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 2024-25 | 19.89 | 1.99 |
| 13. | हरियाणा | पंचकुला | टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास | 2024-25 | 26.68 | 2.67 |
| 14. | हरियाणा | पंचकुला | यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प | 2024-25 | 65.82 | 6.58 |
| 15. | हिमाचल प्रदेश | चिंतपूर्णी | मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 2025-26 | 56.26 | 5.63 |
| 16. | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 18.48 | 1.85 |
| 17. | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 (संशोधित जनवरी 2025) | 2.72 | 0.27 |
| 18. | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 2023-24 (संशोधित जनवरी 2025) | 25.64 | 2.56 |
| 19. | केरल | अलाप्पुझा | अलाप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड | 2024-25 (संशोधित जनवरी 2025) | 93.18 | 9.32 |
| 20. | केरल | मलमपुझा | मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना | 2024-25 | 75.87 | 7.59 |
| 21. | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 2023-24 | 13.81 | 1.38 |
| 22. | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 2023-24 (संशोधित मई 2025) | 23.17 | 2.32 |
| 23. | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मई 2025) | 11.91 | 1.19 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | लक्षद्वीप | बंगारम | बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास | 2024-25 | 81.18 | 8.12 |
| 25. | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 2023-24 | 27.22 | 2.72 |
| 26. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 2023-24 | 16.74 | 1.67 |
| 27. | मध्य प्रदेश | दतिया | पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास | 2025-26 | 44.24 | 4.42 |
| 28. | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि थीम पार्क | 2024-25 | 76.22 | 7.62 |
| 29. | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित सितम्बर 2025) | 27.61 | 2.76 |
| 30. | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 2023-24 | 32.45 | 3.25 |
| 31. | मिजोरम | चम्फाई | केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुहवम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट एक्सपीरियंस | 2024-25 | 38.85 | 3.89 |
| 32. | मिजोरम | चम्फाई | विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई | 2024-25 | 33.87 | 3.39 |
| 33. | मिजोरम | आइजोल | सम्मेलन केंद्र का निर्माण | 2025-26 | 99.71 | 9.96 |
| 34. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव | 2024-25 | 32.54 | 3.25 |
| 35. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस | 2024-25 | 7.87 | 0.79 |
| 36. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 2023-24 | 21.57 | 2.16 |
| 37. | पुदुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 2023-24 | 20.30 | --- |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38. | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 2024-25 | 25.91 | 2.59 |
| 39. | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 2023-24 | 20.06 | --- |
| 40. | राजस्थान | सीकर | श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 2024-25 | 87.87 | 8.79 |
| 41. | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव | 2023-24 | 21.65 | 2.17 |
| 42. | राजस्थान | बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 2025-26 | 22.58 | 2.26 |
| 43. | राजस्थान | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 2025-26 | 48.73 | 4.87 |
| 44. | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 2023-24 | 15.41 | 1.54 |
| 45. | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 2023-24 | 22.60 | 11.30 |
| 46. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मई 2025) | 30.02 | --- |
| 47. | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 2023-24 | 38.00 | 3.80 |
| 48. | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 2023-24 | 56.82 | 5.68 |
| 49. | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2) | 2024-25 | 48.95 | 4.89 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 17.80 | --- |
| 51. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 14.52 | 1.45 |
| 52. | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 19.89 | 1.99 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 2023-24 (संशोधित मार्च 2025) | 17.86 | 1.79 |
| **कुल** | | | | | **2208.31** | **206.35** |

**वर्ष 2023-25 के दौरान प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** | **जारी राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 6.74 |
| 2. | बिहार | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 | 0 |
| 3. | गोवा | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | 4.68 |
| 4. | कर्नाटक | मैसूरु में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 | 13.33 |
| 5. | कर्नाटक | रेणुका येल्लामा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 | 0 |
| 6. | कर्नाटक | बीदर जिले के पापनाश मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 | 6.3 |
| 7. | मिज़ोरम | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 5.47 | 1.56 |
| 8. | पुडुचेरी | श्री धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्री सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | 2024-25 | 25.94 | 0 |
| 9. | तमिलनाडु | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 | 0 |
| 10. | तेलंगाना | देवी रेणुका येल्लम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 | 0 |

*****